दिन– बुधवार दिनांक– 04/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने अग्निवीरों की सेवा अवधि दो वर्ष के लिए बढ़ाई। पच्चीस प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित करने का नियम जारी रहेगा।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से प्रदेश में पांच इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना का आग्रह किया।

03. लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ कार्यक्रम के तहत आज पूर्णियां में निकाली गई पद यात्रा। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने किया नेतृत्व।

04. और, आय से अधिक संपत्ति मामले में पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता विजय कुमार के सहरसा समेत कई ठिकानों पर छापेमारी।

केन्द्र सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की सेवा अवधि दो वर्ष के लिए विस्तारित की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने बताया कि अब चार वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद नियमित सेना में चयनित नहीं होने वाले पचहत्तर प्रतिशत अग्निवीरों को दो वर्ष की अतिरिक्त सेवा का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले से निर्धारित पच्चीस प्रतिशत अग्निवीरों का चयन योग्यता के आधार पर नियमित सेवा के लिए जारी रहेगा। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने बताया कि दूसरे कार्यकाल के पूरा होने के बाद सभी पचहत्तर प्रतिशत अग्निवीरों को भारतीय सेना का हिस्सा बनने का अवसर दिया जाएगा।

---बाइट---

एक अन्य फैसले में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दुष्कर्म और पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की केंद्र प्रायोजित योजना को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने की मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

———बाइट———

श्री वैष्णव ने बताया है कि मंत्रिमंडल ने हरित ऊर्जा मिशन के तहत बानवे गीगावॉट एनर्जी स्टोरेज स्कीम को मंजूरी दी है। इससे सौर ऊर्जा के भंडारण में मदद मिलेगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से गया की तर्ज पर प्रदेश में पांच इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि दरभंगा में इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना को लेकर केन्द्र सरकार को प्रस्ताव सौंप दिया गया है। श्री चौधरी आज नई दिल्ली से पटना लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर राज्य में प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं को जल्द पर्यावरणीय स्वीकृति देने का आग्रह किया।

———बाइट———

श्री चौधरी ने कहा कि रेल मंत्री से दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए अधिक से अधिक पूजा स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली से लौटने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात की।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना के लोक संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में बिहार फाउंडेशन और बिहार बिजनेस कनेक्ट पोर्टल का शुभारंभ किया। इस

पोर्टल का उद्देश्य राज्य में निवेश की संभावनाओं को प्रोत्साहित करना और बिहार को औद्योगिक तथा व्यावसायिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के प्रयासों को गति देना है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव और उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह मौजूद थीं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नवनियुक्त अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्टाइपेंड योजना का शुभारंभ किया। पटना हाई कोर्ट स्थित महाधिवक्ता कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और विधि मंत्री संजय सिंह टाईगर समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विकसित भारत–जी राम जी योजना और समेकित बाल विकास सेवा योजना के तहत राज्य में छह हजार नौ सौ सत्तासी आधुनिक आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की लागत बढ़ाकर बारह लाख रुपये तक कर दी गई है। मंत्री ने कहा कि राज्य की आठ हजार पचास पंचायतों में आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण का लक्ष्य है।

———————————————————————

गन्ना उद्योग विभाग के मंत्री संजय कुमार ने पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड के नगवां गांव में गन्ना नर्सरी, यांत्रीकरण बैंक और गुड़ उद्योग का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने किसानों से गन्ने की खेती को फिर से अपनाने की अपील की।

———बाइट———

———————————————————————

भाजपा के देशव्यापी लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ कार्यक्रम के तहत आज पूर्णियां में पद यात्रा निकाली गई। पद यात्रा का नेतृत्व असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने किया। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सरमा ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को देश के हर कोने से समर्थन मिल रहा है।

———बाइट———

कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय और जदयू के वरिष्ठ नेता तथा मंत्री रत्नेश सादा ने भी संबोधित किया।

———————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सहरसा में पदस्थापित पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता विजय कुमार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। सहरसा स्थित उनके सरकारी कार्यालय और आवास के अलावा पटना के दानापुर स्थित गोला रोड और महेश नगर तथा औरंगाबाद जिले के दाउदनगर स्थित परिसरों की तलाशी ली जा रही है। तलाशी के दौरान लगभग दस लाख रुपये नकद बरामद किए गए। एसवीयू की टीम बैंक खातों, जमीन–जायदाद के दस्तावेजों और वित्तीय निवेश से जुड़े कागजातों की जांच कर रही हैं।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के बाबूबरही हत्याकांड में एक चौकीदार समेत पांच पुलिसकमियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पुलिसकर्मियों पर घटना की सूचना देरी से देने का आरोप है। इस बीच हत्या के आरोपित सहायक उप निरीक्षण एएसआई चन्द्रमोहन सिंह की गिरफ्तारी के लिए बारह टीमें गठित की गई है।

———————————————————————————

प्रदेश में इस वर्ष सत्ताईस अक्टूबर तक एनडीपीएस अधिनियम के तहत चार हजार दो सौ बत्तीस मामले दर्ज किए गए हैं और छह हजार एक सौ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में शैक्षणिक संस्थानों के पांच सौ मीटर के दायरे को ड्रग फ्री जोन बनाने और छब्बीस नवंबर तक चलाए जा रहे नशा मुक्त बिहार अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

सतत विकास लक्ष्यों–एसडीजी को वर्ष दो हजार तीस तक हासिल करने के लिए प्रदेश में प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसी कड़ी में योजना एवं विकास विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से पटना में एसडीजी नोडल पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने विभागों को विकास कार्यों की सफलता की कहानियां तैयार कर नीति आयोग के साथ साझा करने का निर्देश दिया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल, सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम पहुंचकर मां जानकी मंदिर में पूजा–अर्चना की। साथ ही उन्होंने मंदिर निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्धारित समय–सीमा में मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने का भरोसा जताया। इस दौरान स्थानीय सांसद देवेश चंद ठाकुर विधायक सुनील कुमार पिंटू, बैद्यनाथ प्रसाद, रामेश्वर महतो सहित एनडीए के कई नेता मौजूद रहे।

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि एनसीसी कैडेट देश के भविष्य हैं। उन्हें अनुशासन, देशभक्ति और सेवा भाव को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। श्री कुमार आज राजगीर के जवाहर नवोदय विद्यालय में 38 बिहार बटालियन एनसीसी की

ओर से आयोजित आठ दिवसीय ट्रेकिंग कैंप के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार भी मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेलवे की ओर से पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के लिए एक से तीस नवंबर तक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 5.0 चलाया जा रहा है। इसके तहत पेंशनरों को घर बैठे ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए उन्हें गूगल प्ले स्टोर से यूआईडीएआई का आधार फेस आरडी और जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होगा। दोनों ऐप इंस्टॉल करने के बाद फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार कर ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। संशय की स्थिति में पूर्व–मध्य रेलवे के कार्मिक और लेखा विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

औरंगाबाद में आज से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय अंडर–19 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन कोशी और तिरहुत प्रमंडल के बीच मैच खेला गया।

किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड के सुल्तानगंज में मिट्टी का टीला धंसने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। तीनों की उम्र आठ से दस वर्ष के बीच थी।

नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो घायल हो गये। इधर, शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र अंतर्गत खाजेपुर पुल के पास एक अनियंत्रित पिकअप वाहन चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो किशोर की मौत हो गई।

पूर्णियां सदर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक और लगभग चार लाख रुपये के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

शेखपुरा में शराबबंदी के साथ–साथ सूखे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला स्तर पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदुनी गांव में मां और बेटे की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के बड़े बेटे और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है।

---

01. केन्द्र सरकार ने अग्निवीरों की सेवा अवधि दो वर्ष के लिए बढ़ाई। पच्चीस प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित करने का नियम जारी रहेगा।
02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से प्रदेश में पांच इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना का आग्रह किया।
03. लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ कार्यक्रम के तहत आज पूर्णियां में निकाली गई पद यात्रा। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने किया नेतृत्व।
04. और, आय से अधिक संपत्ति मामले में पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता विजय कुमार के सहरसा समेत कई ठिकानों पर छापेमारी।

समाप्त